समाचार

# निगम के सातों जोन में निकाली गई '' हर घर तिरंगा '' रैली

## (निगम के अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने नागरिकों से किया आग्रह, अपने घरों व दुकानों में पूरे सम्मान के साथ फहराएं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा )




कोरबा 08 अगस्त 2025 –कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आयोजित किए जा रहे '' हर घर तिरंगा – 2025 '' कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के सातों जोन अंतर्गत हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। निगम के अधिकारी कर्मचारियों, निगम की स्वच्छता दीदियों एवं महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने अपने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर रैली में भाग लिया एवं आमनागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों व दुकानों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं तथा '' स्वच्छता के संग स्वतंत्रता का उत्सव '' मनाएं।

'' हर घर तिरंगा – 2025 '' कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कोरबा के नोडल अधिकारी उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में '' हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग '' का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत आज निगम के कोरबा जोन, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं. रविशंकर शुक्ल नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला आदि सातों जोन में हर घर तिरंगा रैली का वृहद आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व नागरिकों ने अपने–अपने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लेकर रैली में शामिल हुए तथा आमजन से आग्रह किया

कि वे अपने–अपने घरों में, दुकान व प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को पूरे सम्मान के साथ फहराएं, साथ ही रैली के माध्यम से आमजन तक यह संदेश भी पहुंचाया गया कि वे स्वच्छता को अपने स्वभाव व अपने संस्कार का अभिन्न अंग बनाएं, शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहें, जलस्त्रोतों को स्वच्छ व सुरक्षित रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, शहर को साफ–सुथरा रखने में खुद अपना सहयोग दें तथा औरो को भी इस दिशा में जागरूक व प्रेरित करें। नोडल अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय व तृतीय चरण अंतर्गत 09 अगस्त से 15 अगस्त तक '' हर घर तिरंगा –2025 '' कार्यक्रम के इस महाअभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सार्वजनिक उपक्रमों, स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, कार्पोरेट व निजी संगठनों सहित आमनागरिकों को जोड़ा जाएगा। उन्होने बताया कि अगली गतिविधियों में शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन सहित अन्य आयोजन किए जाएंगे।

**स्वयंसेवक बन हर घर तिरंगा का फैलाएं उत्साह** – जिला व निगम प्रशासन द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे सबसे बड़े इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने तथा हर घर तिरंगा का उत्साह फैलाएं, लोगों को एकजुटता के सूत्र में बांधे, उन्हें घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें तथा तिरंगा के साथ अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें। स्वयंसेवक बनने के लिए हर घर तिरंगा डाट कॉम पर विजिट करें, बिकम ए बालेटियर पर क्लिक करें, विवरण दर्ज करें, तत्पश्चात रजिस्टर पर क्लिक करें।